achieved. However, when cases of financial irregularities come to the notice of the Government, appropriate action as per law is taken.

विभिन्न राज्यों में आकाशवाणी केन्द्रों की स्थापना हेतु प्रस्ताव

351. **श्री अजीत जोगी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न राज्यों में आकाशवाणी केन्द्रों की स्थापना/विकास के लिए गत दो वर्षों में और चालू वर्ष के दौरान अब तक कितने प्रस्ताव/अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है;

(ग) यदि हां, तो उसका स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) इन केन्द्रों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है;

(ङ) इन केन्द्रों से विभिन्न राज्यों में कितने प्रतिशत लोगों को लाभ होगा; और

(च) इस संबंध में कितना खर्च होने का अनुमान है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहीम): (क) से (च) 1.4.1994 से अब तक राज्य सरकारों से 23 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं तथा कारकों जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ विनियमों, परिणामी कवरेज, ट्रांसमिशन पद्धति, मौजूदा कवरेज, तकनीकी उपयुक्तता आदि शामिल हैं, के आधार पर 8 प्रस्ताव, आठवीं योजना में शामिल कर लिए हैं तथा अनुमोदित कर दिए गए हैं। 9वीं योजना के दौरान कार्यान्वयन हेतु एक और प्रस्ताव शामिल कर लिया गया है। आठवीं योजना के अन्तर्गत शामिल तथा अनुमोदित 9वीं योजना के लिए प्रस्तावित नए रेडियो केन्द्रों की स्कीमों, परिणामी कवरेज तथा होने वाले सम्भावित व्यय के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

क्र० सं०	नए रेडियो केन्द्र/ट्रांसमीटर का नाम	संभावित जनसंख्या कवरेज (लाखों में)	संभावित क्षेत्र कवरेज	होने वाला संभावित अनुमानित व्यय (रुपए लाखों में)
1.	लोंगथेरई — 2 × 3 कि० वा० एफ० एम० ट्रांसमीटर	17.9	65%	433.00
2.	मोन — 1 कि० वा० मी० वे० ट्रांसमीटर	35.0	2.8%	65.00
3.	लखनऊ — 2 × 5 कि० वा० एफ० एम० ट्रांसमीटर (स्टीरियो)	62.7	4.5%	312.00
4.	एलोंग अ० श० ट्रां० (सी० आर० एस०)	.08	9.0%	65.00
5.	नतून बाजार — 1 कि० वा० मी० वे० ट्रांसमीटर	0.5	1.8%	65.00
*6.	करियगंज — 20 कि० वा० मी० वे० ट्रां०	28.4	12.7%	एस० एफ० सी० प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।
7.	बोमडीला — अ० श० ट्रां० (सी० आर० एस०)	.08	0.9%	65.00
8.	सेप्पा — अ० श० ट्रां० (सी० आर० एस०)	.08	0.9%	65.00
9.	खोंसा — अ० श० ट्रां० (सी० आर० एस०)	.08	0.9%	65.00

*9वीं योजना के लिए प्रस्तावित।